कार्यालय जिला पंचायत विदिशा, म.प्र.

दूरभाष क्र. 07592–232960 **E-mail: ceozpvid@mp.gov.in**

क्र. 157 / आकांक्षी ब्लाक / जि.प. विदिशा / 2024 — दिनांक 04 / 01 / 2024

''आकांक्षी ब्लाक फेलो'' बासौदा जिला विदिशा की नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति सूचना

जिला विदिशा के विकासखण्ड बासौदा में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और अद्योसंरचना विकास को बढ़ावा देने के लिए ''आकांक्षी ब्लाक फेलो'' की भर्ती की जाना है। इस हेतु विज्ञापन एवं शर्तों का प्रारूप निम्नानुसार हैः–

पद का नाम	–	आकांक्षी ब्लाक फेलो
पद संख्या	–	01 (एक)
मानदेय	–	55,000 / – (रूपए पचपन हजार मात्र) प्रतिमाह स्टायपेंड

भर्ती हेतु नियम एवं शर्तें निम्नानुसार हैंः–

1. आवेदनकर्ता की आयु 01.01.2024 को 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
2. आवेदनकर्ता किसी भी विषय में स्नातकोत्तर होना अनिवार्य है।
3. आवेदनकर्ता के पास कम्प्यूटर शिक्षा में डिप्लोमा / डिग्री उत्तीर्ण होना चाहिए।
4. आवेदक को हिन्दी, अंग्रेज़ी बोलना एवं लिखने की दक्षता होना चाहिए।
5. आवेदक को डाटा विश्लेषण एवं प्रस्तुती कौशल (Presentation Skills) में निपुणता तथा प्रोजेक्ट मेनेजमेंट दक्षता होना चाहिए।
6. सोशल मीडिया के उपयोग से पूर्ण परिचित होना चाहिए।
7. संचार कौशल में निपुण होना चाहिए।
8. विकास संबंधित संगठन (Development Organisation) के साथ कार्य करना एवं इंटर्नशिप का अनुभव तथा विभागीय समन्वय (Communication Skills) की दक्षता होना चाहिए।
9. संबंधित विकासखण्ड का स्थानीय बोली का ज्ञान होना चाहिए।
10. Development/ Rural Stream में उच्च शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी।
11. आवेदनकर्ता को उपरोक्त योग्यता शर्तों में वरियता के आधार पर प्रथम 10 वरियता प्राप्त अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचित किया जावेगा।

अन्य शर्तेंः–

1. चयनित अभ्यर्थी के साथ अनुबंध निष्पादित किया जावेगा एवं अनुबंध शर्तों के अनुसार अभ्यर्थी को कार्य संपादित करना होगा।
2. उक्त पद पर प्रतिमाह स्टायपेंड के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।
3. भर्ती आदेश दिनांक से 31 मार्च 2023 तक के लिए रहेगा तथा कार्य संतोषजनक एवं आवश्यकता होने की दशा में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए सेवा वृद्धि की जा सकेगी।
4. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या का अंतिम निर्णय लेने का अधिकार कलेक्टर जिला विदिशा को होगा, जो सभी आवेदकों के लिए बाध्यकारी होगा।

GOVTJOBS4U.IN

5. आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से अथवा स्वंय के द्वारा, कार्यालयीन पता "मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत विदिशा, जिला विदिशा (म.प्र.) पिन कोड 464001 में **दिनांक 15.01.2024 को सांय 5:30 बजे तक** प्राप्त होना चाहिए।
6. चयन हेतु अंक वेटेज विभाजन निम्नानुसार रहेगाः–

क्र.	विवरण	अंक वेटेज तालिका
1	स्नातकोत्तर	कुल प्राप्तांक प्रतिशत का 50% अंक
2	कम्प्यूटर शिक्षा	डिप्लोमा– 05 अंक, स्नातक –10 अंक, स्नातकोत्तर 15 अंक
3	Development Organisation में कार्य करने का अनुभव	01–03 वर्ष – 05 अंक 03–05 – 10 अंक 05 वर्ष से ऊपर – 15 अंक
4	साक्षात्कार	20 अंक

अभ्यर्थी चयन हेतु प्रक्रियाओं का विवरण निम्नानुसार रहेगाः–

क्र.	पद विवरण	दिनांक	समय सारणी	कार्यवाही विवरण
1	आकांक्षी ब्लाक फेलो	19/01/2024	सांय 5:00 बजे तक	पात्र/अपात्र का परीक्षण कर सूची जारी करना।
2		23/01/2024	दोपहर 01:30 बजे तक	दावा आपत्ति प्रस्तुत करना।
3		25/01/2024	सांय 4:00 बजे तक	दावा आपत्ति का निराकरण करना।
4		25/01/2024	सांय 05:30 बजे तक	अंतिम पात्र सूची एवं साक्षात्कार हेतु सूची का प्रकाशन
5		30/01/2024	प्रातः 11:00 बजे से	वरियता प्राप्त 10 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एवं अभ्यर्थी चयन सूचना

इच्छुक उम्मीदवार शैक्षणिक योग्यता, शर्तें, आवेदन प्रारूप एवं अन्य जानकारी जिला विदिशा की वेबसाईट **vidisha.nic.in** पर अवलोकन/डाउनलोड कर सकते हैं तथा चयन प्रक्रिया संबंधी जानकारी एवं सूची उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है। पृथक से लिखित सूचना नहीं दी जावेगी।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत विदिशा

पृ.क्र. 158/आकांक्षी ब्लाक/जि.प./2024 दिनांक 04/01/2024

1. कलेक्टर जिला विदिशा की ओर सादर सूचनार्थ।
2. जिला चयन समिति (समस्त) .... की ओर पालनार्थ।
3. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला विदिशा की ओर जिले के वेबसाईट में अपलोड करने हेतु सूचनार्थ।
4. कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत विदिशा

GOVTJOBSAJ.IN